समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# गणतंत्र दिवस पर लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश

राजेश चौधरी

Published on 27 Jan 2026




राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगरपालिका भादरा के चेयरमैन श्री मुस्कान रफीक कुरैशी ने समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है। उन्होंने इस अवसर को भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और नागरिक कर्तव्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया।

अपने शुभकामना संदेश में चेयरमैन कुरैशी ने कहा कि भारत का सशक्त, प्रगतिशील और परिपक्व लोकतंत्र प्रत्येक नागरिक के हृदय में कर्तव्यबोध, समान अवसर और समानता की भावना को और अधिक मजबूत करे। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार और कर्तव्य देश को निरंतर नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें न केवल हमारे संवैधानिक मूल्यों की याद दिलाता है, बल्कि एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा भी देता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से समर्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

चेयरमैन मुस्कान रफीक कुरैशी ने कहा कि भारत की विविधता में एकता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है और यही भावना देश को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाती है। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा में अग्रसर होने की अपील की।

#RepublicDay #JaiHind

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.